नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) वायुदूत के केवल डोनियर-228 विमान बेड़े में ही उड़ान डाटा रिकार्डर नहीं लगे हुए हैं।

(ख) विनिर्माताओं द्वारा डोनियर विमान में उड़ान डाटा रिकार्डर नहीं लगाए गए थे क्योंकि वे तात्कालिक रूप से उपलब्ध नहीं थे ।

(ग) और (घ) वायुदूत डोनियर विमान में उड़ान डाटा रिकार्डर लगाने का चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार करेगा ।

(ङ) नागर विमानन महानिदेशालय ने वायुदूत को डोनियर विमान पर उड़ान डाटा रिकार्डर लगाने की सलाह दी है।

Promotion. Policy for Officers in. Air India

1608. SHRI ASHOK NATH VER-MA: Will the Minister of CIVIL, AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the promotion policy for officers in the Air India had been changed in 1968, if so, the reasons therefor;

(b) whether this had Government's approval;

(c) if not, what action has been taken by Government to correct such change by the Air India;

(d) the number of Officers in the various Departments of the Air India adversely affected by such change in the promotion policy; and

(e) what steps have been or are being taken to set matters right?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MAD-HAV RAO SCINDIA): (a) Yes, Sir. With a view to improve the quality of the managerial employees of the Corporation, the policy was revised.

(b) and (c) No, Sir. The promotion policy of the Corporation is purely a mangament function and does not require Government's approval.

(d) Government are not aware of any such adverse impact.

(e) Does not arise.

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन से अर्जित की गई विदेशी मुद्रा

1609. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन से प्रति वर्ष कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(ख) क्या पूर्वोत्तर क्षेत्र का भ्रमण करने वाले विदेशी पर्यटकों पर लागू होने वाले विदेशी मुद्रा संबंधी विनियम देश के अन्य भागों का भ्रमण करने वाले पर्यटकों पर लागू होने वाली विदेशी मुद्रा विनियमों के समतुल्य नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में विद्यमान विषमताओं का ब्यौरा क्या है तथा इस क्षेत्र का भ्रमण करने वाले विदेशी पर्यटकों से और अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री श्री माधव राव सिंधिया : (क) विभिन्न राज्यों तथा क्षेत्रों के संबंध में पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा आय के अनुमान अलग-अलग संकलित नहीं किए जाते ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।